हरियाणवी सांग-कला हमें पारिवारिक एकता से जोड़कर रखती है: कटारिया

बाहरी गांव में 4 दिवसीय सॉग-कला का समापन समारोह

बाबू राम तुषार

कुरुक्षेत्र (जगमार्ग न्यूज)। पूर्व केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सूरजभान कटारिया ने कहा है कि हरियाणवी सांग-कला हमें हमारी पारिवारिक एकता, संस्कृति एवं ऐतिहासिक परंपरा से जोड़कर रखती है।

⇨ कटारिया ने आयोजन समिति को 21 हजार रुपए तथा सांग कला कमेटी को 5100 रुपए भेंट किये

कटारिया ने लुप्त होती जा रही इस कला के कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस चमक-दमक के फिल्मी दौर में अपनी संस्कृति एवं इतिहास से जुड़ कर किया जा रहा सांग कला को सरकार का सहयोग भी दिलाया जाएगा। वे सोमवार को गांव बाहरी में डेरा बाबा सवारनाथ चेला मोहरू नाथ ट्रस्ट संस्था के द्वारा आयोजित 4 दिवसीय सांग कला कार्यक्रम के अंतिम दिवस का उद्घाटन करने के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डेरे की प्राचीनता और सिद्धि की प्रसिद्धि दूर-दराज तक फैली हुई है। कटारिया ने यहां आयोजित विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

संस्था के प्रधान मानसिंह बचगांव एवं मुकेश नाथ ने सूरजभान कटारिया को स्मृति चिन्ह एवं सरोपा भेंट करके सम्मानित किया। कटारिया ने आयोजन समिति को 21 हजार रुपए तथा सांग कला कमेटी को 5100 रुपए भेंट किया। कार्यक्रम में मनमोहक रूप से प्रसिद्ध सांगी कलाकार सूरजभान बेदी व विष्णु हरियाणवी की टीम ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक के भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का एवं गांव वासियों का मन मोहा। डेरा बाबा सवारनाथ चेला मोहरू नाथ ट्रस्ट कमेटी एवं अन्य ग्रामवासियों ने डेरे की महता पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मानसिंह बचगांव, प्रधान रामदास, ब्लॉक समिति के पूर्व अध्यक्ष देवी दयाल शर्मा, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, संजय चौधरी, रामस्वरूप ढांडे, पालीराम चिबा, सावित्रीबाई फुले ट्रस्ट की अध्यक्षा स्वीटी रंगा, जयवीर रंगा, फूल सिंह रामकुमार राहुल सुविधा, सतपाल बाहरी, बलवंत सिंह मंगला, श्यामलाल अढोन, जसविंदर सरपंच बैचगांव, सतपाल बाहरी, मिहा सिंह रंगा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सुखकरण की अस्थि कलश यात्रा का होगा लाडवा में स्वागत: लालर

लाडवा (जगमार्ग न्यूज)। शहीद शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा 20 मार्च को यमुनानगर से चलकर लाडवा में बंसल हॉस्पिटल पर दोपहर 2 बजे पहुंचेगी। वहाँ पर उसका अन्नदाता किसान यूनियन के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा । अन्नदाता किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष कृष्न लालर ने बताया कि लाडवा में शहीद को श्रद्धांजलि दी जाएगी और उसका स्वागत किया जाएगा। उस दौरान अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह टाटकी, युवा इंद्री प्रधान ऋषि पाल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में किसान सम्मिलित होंगे। शुभकरण सिंह को पंजाब सरकार ने शहीद का दर्जा दिया है। भगवंत मान ने परिवार को एक करोड़ रुपए सहायता और छोटी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। शहीद की कलश यात्रा उनके पैतृक गांव बठिंडा से वाया अंबाला होती हुई यमुनानगर के गांव से गुजरती हुई रादौर लाडवा मथाना कुरुक्षेत्र से होती हुई दोबारा उनके गांव में पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह का पिपली चौक पर होगा भव्य स्वागत

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र में स्वागत को लेकर सोमवार को भाजपा लोकसभा कार्यालय पर भाजपा पदधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि बतान ने की। बैठक को पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, जिला प्रभारी जगमोहन आनंद व थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने सम्बोधित किया। बैठक का आरंभ भारत माता, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ।

पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा घरौंडा के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला से घरौंडा पहुँचेंगे। जिनका शाहाबाद पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा और पिपली चौक पहुँचने पर जिला अध्यक्ष रवि बतान व थानेसर विधायक सुभाष सुधा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जायेगा। इस

अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष रवि बतान ने जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर रैली का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, एडवोकेट धुम्मन सिंह किरमिच, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, बीबी करतार कौर, रविन्द्र सांगवांन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, जिला उपाध्यक्ष अनु माल्यान, रेनू खुग्गर, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, सह मीडिया प्रमुख दिवाकर, हरमेश सैनी, मण्डल अध्यक्ष दीपक चौहान, हरीश अरोड़ा, रमेश सैनी, रजनीश खासपुर आदि अन्य पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

ब्रह्मलीन स्वामी गिरिराज की पुण्यतिथि मनाई

लाडवा(जगमार्ग न्यूज)। स्वामी गिरिराज सेवा आश्रम समिति द्वारा प्राचीन खेड़ा मंदिर के संचालक रहे ब्रह्मलीन स्वामी गिरिराज की पुण्यतिथि बड़ी ही श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। आश्रम समिति के प्रवक्ता राज सिंगला ने बताया कि स्वामी गिरिराज बहुत ही मधुर भाषी, सरल स्वभाव व विद्वान थे। उन्होंने बताया कि ऐसी पुण्य आत्मा की याद में प्राचीन खेड़ा मंदिर परिसर में विश्व कल्याण व उनकी आत्मा की शांति हेतु हवन किया गया। जिसमें मंदिर के मुख्य सेवादार रविंद्र चौधरी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई और शहर के गण मान्य व्यक्तियों ने हवन में आहुतियां डाली। इस अवसर पर समिति के प्रधान संदीप कुमार, उप प्रधान संजीव कुमार, डॉ गणेश दत, जजपा नेता जोगध्यान, मनंफूल सिंह, विनोद कुमार, राजकिशन व अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

आचार संहिता के चलते उतारे शहर के फ्लेक्स बोर्ड

लाडवा (जगमार्ग न्यूज)। नगर पालिका लाडवा प्रशासन द्वारा शहर में लगे किसी भी राजनेता, नगर पालिका प्रशासन या अन्य राजनीतिक दलों के फ्लेक्स बोर्ड को हटा दिया गया है। नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना ने बताया कि देश व प्रदेश में लोकसभा के आम चुनाव के चलते आचार संहिता लग चुकी है। चुनाव आयोग चाहता है कि देश व प्रदेश में लोकसभा के चुनाव बिल्कुल निष्पक्ष, भय मुक्त या बिना किसी दबाव या लालच के हों ताकि लोकतंत्र की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या किसी भी प्रकार का प्रलोभन से भरा कोई फ्लेक्स बोर्ड लगे होंगे तो उसे तुरंत उतरवा दिया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

कुरुक्षेत्र(जगमार्ग न्यूज)। थाना सदर के अंतर्गत मथाना बस अड्डा के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने 41 वर्षीय प्रवीण निवासी गांव मथाना की मौत हो गई। थाना सदर पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मथाना निवासी प्रीतम चंद ने बताया कि उसका लड़का प्रवीण मेहनत मजदूरी का काम करता था। प्रवीण निजी कार्य से श्रीमहादेव फिलिंग स्टेशन मथाना गया था। रात को अपने घर वापिस जा रहा था तो किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे प्रवीण नीचे गिर गया और उसके मुंह व माथे पर चोटें आई। उसको चोटें लगने के चलते काफी मात्रा में खून बह गया। एंबुलेंस से प्रवीण कुमार को सीएचसी मथाना ले जाया गया जहां डाक्टरों ने प्रवीण को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

चक्रपाणि परिवार ने किया भजन संध्या का आयोजन

पिहोवा (जगमार्ग न्यूज)। प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में शुक्ल पक्ष की अष्टमी को एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह विशेष धार्मिक कार्यक्रम नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि परिवार की ओर से करवाया गया। शिव भजन मंडल (बच्चा पार्टी) गुमथला गढ़ू के सुभाष अग्रवाल की अगुवाई में अनेक भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक बैठने पर मजबूर कर दिया। माता बाला सुंदरी मंदिर कार्यकारणी कमेटी के अग्रणी सेवादार श्रवण मंगला ने बताया कि मंदिर परिसर में समय-समय पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम, चैत्र एवं शारदीय नवरात्र, महाशिवरात्रि, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, भजन संध्या व जगराता आदि आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से मंदिर प्रबंधन की ओर से प्रतिदिन सरस्वती तीर्थ पर आने वाले यात्रियों व अमावस्या सहित मेलों आदि में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास व भोजन की निशुल्क व्यवस्था निरंतर जारी है। नगर के गणमान्यजनो ने चक्रपाणि परिवार को मां का स्वरूप भेंट किया।

बच्चे पढ़ लिखकर देश का भविष्य बनेंगे और देश की बागडोर संभालेंगे: पवन सैनी

जगमार्ग न्यूज

बाबैन। नव जीवन विद्या मंदिर स्कूल गुढ़ा में सोमवार को 30वां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक पवन सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व दीप प्रज्जवलित कर रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक रमेश पंवार ने की।

पूर्व विधायक पवन सैनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं और जो बच्चे आज पढ़ लिख कर कामयाब होंगे। कल वही बच्चे देश की का भविष्य बनेंगे और देश की बागडोर संभालेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा जो भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया उसके लिए न केवल बच्चे बधाई के पात्र हैं। इसके साथ-साथ स्कूल स्टाफ भी बधाई के पात्र हैं।

इससे पूर्व स्कूल के प्रबंधक रमेश पंवार ने कार्यक्रम में प्रस्तुत अभिभावकों के सामने अपने स्कूल के बारे में विस्तार से बताया और स्कूल की उपलब्धियों को गिनवाया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को भी पवन सैनी व स्कूल प्रबंधक रमेश पंवार ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके मेघराज सैनी, रमेश पंवार, प्रेम सिंह, मुकेश, मनोज कुमार, भूपेंद्र बड़तौली, साहिल, देवराज व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

युवा अग्रवाल सभा ने लगाया रक्तदान शिविर

⇨ 110 रक्तदानियों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

जगमार्ग न्यूज

लाडवा। युवा अग्रवाल सभा ने श्री अग्रवाल सभा व महिला विंग के सहयोग से नई अनाज मंडी की धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 110 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सुपर सीड्स के डायरेक्टर विनय गुप्ता, इशांत सिंगल व यश निवारसी ने दीप प्रज्ज्वलित करके तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया।

मुख्य अतिथि विनय गुप्ता ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई भी अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने सभा के तीनों विंगों के कार्यों की खूब सराहना की। वही युवा विंग के प्रधान नीरज गोयल ने कहा कि एक रक्तदाता तीन व्यक्तियों की जान

बचाने में सक्षम है। प्रोजेक्ट चेयरमैन अतीत गर्ग ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन से चार महीने बाद रक्तदान कर सकता है। केशव गर्ग ने कहा कि रक्त संग्रह करने वाली टीम कुरुक्षेत्र की एक निजी टीम है। जो समाज सेवा में रत है।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के शिविर में पहुंचने पर बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। सभी रक्तदाताओं के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। युवा सभा द्वारा आए हुए मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधान दुर्गेश गोयल, महिला विंग प्रधान उषा गोयल, युवा विंग प्रधान नीरज गोयल, विकास सिंघल, प्रोजेक्ट चेयरमैन अतीत गर्ग, केशव गर्ग, शालू बंसल, सुरेंद्र गर्ग, अरविंद सिंघल, पारस गर्ग, सुमित गोयल, हिमांशु गोयल, महिला विंग से रंजन गोयल, कृष्णा गोयल, निर्मल गर्ग, मोनिका अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

आज मनुष्य में अच्छाई को धारण करने और बुराई को छोड़ने की शक्ति नहीं है : बीके ओंकार चंद

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे विख्यात मोटिवेशनल वक्ता प्रो. बीके ओंकार चंद भाई ने कहा कि राजयोग मैडिटेशन हमें सही सोचने, बोलने व करने की विधि सिखाता है। राजयोग वह माध्यम है, जिससे हम अपने कर्मों में कुशलता प्राप्त कर सकते हैं। राजयोग हमें सिखाता है कि हम मात्र शरीर नहीं, बल्कि शरीर के भीतर एक चैतन्य शक्ति आत्मा हैं। वे सेक्टर-13 के सीनियर सिटीजन फॉर्म में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। प्रो. ओंकार चंद ने कहा कि आज मैडिटेशन हर व्यवसाय, व्यापार व घर गृहस्थ में जरूरी है।

अपने व्याख्यान में ब्रह्माकुमार ओंकार चंद ने यह भी कहा कि राजयोग एक ऐसा ब्रह्मास्त्र है, जिससे आदमी का मन परिवर्तित हो जाता है। यदि आप के तार परमात्मा

से जुड़े हैं, तो उसके गुण व शक्तियां आप में स्वतः आती जाएगीं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और म्यूजिकल एक्सरसाइज के साथ किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, सत्य प्रकाश गुप्ता, डॉ ए.सी नागपाल, सी.पी गुप्ता, रोशन लाल मित्तल सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक ब्रह्माकुमारीज सेक्टर-13 सेवा केंद्र की संचालिका बी.के शकुंतला बहन ने कहा कि आज सुख के साधन होने पर भी मन में सुख-शान्ति नहीं है। दूसरों को खुशी वही दे सकता है, जिसके पास खुशी का स्टॉक हो। बीके सीमा बहन ने अतिथियों का बेज और गुलदस्ते से स्वागत किया।

अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन सात अप्रैल को

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना के मुख्य व्यवस्थापक एवं अग्रोहा धाम वैश्य समाज के प्रदेश प्रवक्ता राजेश सिंगला ने बताया कि करनाल में आयोजित होने वाले 24वें वैवाहिक अग्रवाल परिचय सम्मेलन की तैयारियां चल रही हैं। परिचय सम्मेलन में अग्रोहा धाम वैश्य समाज एवं महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना भी सहयोग कर रहे हैं। मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल ने बताया कि 7 अप्रैल को रामलीला मैदान करनाल में उत्तर भारत का विशेष विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन होने जा रहा है।

⇨ अग्रवाल युवा संगठन का 24 वां परिचय सम्मेलनं

इस सम्मेलन में अग्र बंधुओं की उपस्थिति में विवाह योग्य उम्मीदवार अपने जीवन साथी का चयन करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य के अग्रवाल समाज के लोगों के अतिरिक्त अन्य राज्यों से भी भारी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे।

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि परिचय सम्मेलन समय की जरूरत है। सम्मेलन से जहां मनपसंद रिश्ता आसानी से मिलेगा, वहीं दहेज प्रथा जैसी बीमारी का भी अंत होगा। सिंगला ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेकर लड़का लड़की ढूंढने से लेकर देखा दिखाई तक बहुत सारी परेशानियों से मुक्ति मिल जाएगी। इस अवसर पर बैठक में बी.बी. जिंदल, विजय गर्ग, संजीव गर्ग, विपिन गर्ग इत्यादि मौजूद रहे।

आचार संहिता की पालना के लिए एफएसटी और एसएसटी की टीमें रखेंगी निगरानी: शांतनु

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वाह करना होगा। इन लोकसभा चुनावों में आदर्श आचार संहिता की पालना करवाने और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने फ्लाईंग स्क्वायड टीम और स्टैटिक सर्विलेंस टीम टीमों का गठन किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा लघु सचिवालय के सभागार में एआरओ, डयूटी मैजिस्ट्रेट, एसएसटी, एफएसटी, एमसीएमसी टीमों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक

⇨ लोकसभा प्रत्याशी चुनावों में कर सकता है 95 लाख तक का खर्च

⇨ एफएसटी टीमों को ई विजिल के माध्यम से देनी होगी रिपोर्ट

को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले चुनाव तहसीलदार सरला ने पॉवर प्रेजेंटेशन के जरिए विभागों की ड्यूटियों और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी और सी-विजिल एप्प और पोर्टल के बारे में भी अधिकारियों को कार्रवाई करने के बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में एक प्रत्याशी 95 लाख रुपए तक का खर्चा कर सकता है और 10 हजार रुपए की ज्यादा राशि का नगद भुगतान नहीं कर सकेगा। इसके लिए प्रत्येक प्रत्याशी को नॉमिनेशन भरने से एक दिन पहले बैंक खाता खुलवाना होगा और चुनावों के खर्च के एक-एक पैसे का निर्धारित रजिस्टर में ब्यौरा दर्ज करना होगा। वीडियो सर्विलेंस टीमें रिकॉर्डिंग सहित अपनी रिपोर्ट सम्बन्धित एआरओ के पास जमा करवाएंगे ताकि रैलियों का खर्च असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर को बताया जा सके। उन्होंने कहा कि पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए एमसीएमसी कमेटी के सदस्य कार्य करेंगे।

संत वीरेंद्र दास बब्बू से मिले समाज के लोग

कुरुक्षेत्र (जगमार्ग न्यूज)। समाजसेवी महिपाल फूले ने कहा है कि संतों का आशीर्वाद मिलने से जहां मन को शांति मिलती है वही संतों के सानिध्य से खुशहाली का रास्ता भी मिलता है। ऐसे में संतों का सानिध्य मिलना सौभाग्यशाली है । उन्होंने बताया कि पंजाब के जालंधर डेरा के बल्लां के संत वीरेंद्र दास बब्बू से मिलकर उन्हें आशीर्वाद मिला है। वहीं संत का आशीर्वाद मिलने से एक नई अनुभूति हुई है। उन्होंने बताया कि डेरा बल्लां के संत वीरेंद्र दास बब्बू श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का प्रचार व प्रसार करने के लिए पूरे देश में प्रवचनों के माध्यम से समाज के लोगों को जागृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे रविवार को अंबेडकर भवन में आयोजित संत समाज में भाग लेने के लिए आए थे और इस दौरान उन्हें उनसे मिलने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि संत किसी विशेष जाति के नहीं बल्कि सभी समाज के होते हैं संत धर्म का प्रचार करते हैं। वहीं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का भी काम करते हैं। इस दौरान कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य केसी रंगा, अंबेडकर भवन की उप प्रधान सुनीता, संतोष बाला, श्याम लाल, लख्मी चंद, बनारसी दास, सतबीर कैत, जयपाल सिंह, राजेश्वर, राजबीर ने भी संत वीरेंद्र दास बब्बू व संत धूणिदास का आशीर्वाद लिया।

ग्रेजुएशन सेरेमनी के साथ ज्ञान वाटिका का शुभारंभ

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। बी आर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में कक्षा 2 के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी सम्पन्न हुई। नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए ज्ञान वाटिका फांउडेशन विंग का शुभारंभ किया गया। माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा सब दर्शकों का मन मोह लिया।

प्राचार्या पूजा कंबोज ने ज्ञान वाटिका की नींव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद बच्चों में बहुत बदलाव देखाने को मिले है। बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति से अवगत करवाना व उनके अन्दर अनुशासन की भावना मजबूत करना ज्ञान वाटिका का उद्देश्य है। बच्चों ने भारतीय परम्पराओं पर आधारित गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी।

चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने बच्चों को संस्कारवान बनने के लिये प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रमुख सरंक्षिका चन्द्र चोपड़ा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संदीप चोपड़ा, कुलदीप, डॉ. मोनिका, सिम्मी, डॉ. मीनाक्षी, सुषमा व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम पिपली की नारायण कालोनी में लोगों ने चेयरमैन का किया स्वागत

अगर युवा होगा मजबूत तभी देश करेगा तरक्की: चीमा

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। पंचायत समिति पिपली के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह चीमा जनसंपर्क अभियान के तहत पिपली में पहुंचे। पिपली में पहुचंने पर नारायण कालोनी के लोगों ने चीमा का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। चीमा ने कालोनी के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी हमेशा सोच हर वर्ग के लोगों का भला करने की रही है। अगर उन्हें जनता की सेवा करने का मौका मिला तो वे लाडवा हलके का विकास तो करेंगे, इसके साथ साथ ग्रामीणों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने देंगे।

विक्रमजीत चीमा ने कहा कि पिछले कई महीनों से वे लाडवा हलके में जनसंपर्क चलाए हुए हैं। जनसंपर्क अभियान के तहत लाडवा हलके के युवाओं के साथ साथ जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं का भविष्य बनाना है, ताकि युवा अपने पैरों पर खड़े होकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि जब तक देश का युवा मजबूत नहीं होगा, देश तरक्की नहीं कर पाएगा। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों को युवाओं के हित के लिए योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि युवाओं का विकास हो। उन्होंने कहा है कि हलका लाडवा से बेराजगारी खत्म कर खास कर हलका लाडवा की लड़कियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर भी बनाना उनका एक मुख्य लक्ष्य भी है, ताकि महिलाएं अपने ऊपर ही निर्भर रहकर अपना

⇨ युवाओं के हितों के लिये योजनाएं बनाएं राजनीतिक पार्टियां

गुजारा कर सकें। उन्होंने लाडवा की जनता से आह्वान किया है यदि हल्का लाडवा की जनता उन्हें अपना भरपूर सहयोग व समर्थन देकर उनके हाथ मजबूत किए तो वे हलका लाडवा की बिगड़ी तस्वीर को सही करने का काम करेगें।

उन्होंने कहा है कि हलका लाडवा के लिए जो कोई नहीं कर पाया में उस कार्य को करके दिखाऊंगा। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के में एक बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है। इस बदलाव के लिए उन्हें हलका लाडवा की जनता के भी विशेष सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के के युवाओं को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देना है और लाडवा हल्के को शिक्षा का हब बनाना है। इस मौके पर किताब सिंह, कूडा राम, रोशन लाल, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, नरसिंह, मनजीत सिंह, रामेश्वर दास, अनीता देवी, सुनीता देवी, मुकेश, गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

इंडिया गठबंधन पर परिवारवाद के आरोप गलत: जवाहर लाल

कुरुक्षेत्र (जगमार्ग न्यूज)। आप पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहरलाल गोयल ने कहा है कि भाजपा इंडिया गठबंधन पर परिवारवाद के आरोप लगाती रही है। जबकि एनडीए गठबंधन सबसे ज्यादा परिवारवाद को बढ़ावा दे रहा है। इसका सबूत एनडीए गठबंधन की सूची से पता लगता है। उन्होंने बताया कि एनडीए गठबंधन ने चार पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को टिकट दी गई हैं, जिनमें हिमाचल से प्रेम धूमल के बेटे अनुराग ठाकुर, हरियाणा में राव वीरेंद्र सिंह के बेटे राव इंद्रजीत सिंह, एसआर बोमई के बेटे वश्वराज बोमई, बीएस यदुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेन्द्र को उम्मीदवार बनाया गया है। देश की जनता ने देख लिया है कि पिछले 10 साल के शासनकाल में महंगाई व बेरोजगारी बढी है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन देश के अंदर मजबूत स्थिति में है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जहां से चुनाव लड़ रहे हैं, उस क्षेत्र की जनता ने प्रत्याशियों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ही देश को बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार से निजात दिला सकता है।

चौदस मेले में श्रद्धालु लगाएंगे सरस्वती सरोवर में श्रद्धा की डुबकी, तैयारियां शुरू

अभिषेक पूर्णिमा

पिहोवा (जगमार्ग न्यूज)। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में 6 अप्रैल से 8 अप्रैल 2024 तक चैत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाएगा। पिहोवा में आयोजित होने वाले मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालू सरस्वती तट पर स्नान करेंगे तथा अपने पित्रों की आत्मा की शांति के लिए पाठ-पूजा करवाएंगे।

एडीसी डा. वैशाली शर्मा सोमवार को पिहोवा के रामलीला भवन में चैत्र चौदस मेला 2024 को भव्य व शांतिमय ढंग से मनाने के लिए उपमंडल पिहोवा के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर उनके साथ उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय रहते चैत्र

⇨ तैयारियों के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्युटी

चौदस मेले की तैयारियों को पूर्ण कर लें। किसी भी प्रकार की कौताही सहन नहीं की जाएगी।

बैठक में मेला प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि चैत्र चौदस मेले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग, पानी व्यवस्था एवं अस्थाई शौचालय के लिए जन स्वास्थ्य विभाग, सरस्वती तीर्थ से पानी की निकासी एवं पुनःभराई के लिए सिंचाई विभाग, बिजली के लिए यूएचबीवीएन, स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग, सफाई के लिए नगरपालिका, विश्राम गृह के लिए तहसीलदार, एसडीएम तथा मार्किट कमेटी, पार्किंग के लिए परिवहन विभाग, मनोरंजन स्थल पर मेला प्रशासक व मेला अधिकारी की डयुटियां लगाई गई हैं।

एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि पिहोवा मेला के दौरान 5 पुलिस चैक पोस्ट लगाए जाएंगे। इन चैक पोस्टों पर पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी डयुटी देंगे ताकि एक ही स्थान पर पूर्ण चैकिंग हो सके व मेले में आने वाले यात्रियों को अलग-अलग जगहों पर न रूकना पड़े। बैठक में नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, मंडल अध्यक्ष राकेश पुरोहित, मंडल अध्यक्ष साधु सिंह सैनी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।